# हिन्दी

**1.** सूरदास को 'पुष्टिमार्ग का जहाज' किसने कहा है ?

(a) वल्लभाचार्य
(b) हितहरिवंश
(c) गोकुलनाथ
(d) विट्ठलनाथ

**2.** 'द्वैताद्वैतवाद' का प्रवर्तक कौन है ?

(a) शंकराचार्य
(b) निम्बार्काचार्य
(c) मध्वाचार्य
(d) रामानुजाचार्य

**3.** 'कीर्तिलता' किसकी कृति है ?

(a) विद्यापति
(b) मतिराम
(c) सेनापति
(d) केशवदास

**4.** भक्तिकाव्य को भारतीय चिंताधारा का स्वाभाविक विकास किसने माना है ?

(a) श्यामसुन्दर दास
(b) रामकुमार वर्मा
(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(d) रामचन्द्र शुक्ल

**5.** 'साहित्य का इतिहास दर्शन' किसका ग्रन्थ है ?

(a) नगेन्द्र
(b) नलिनविलोचन शर्मा
(c) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(d) नन्ददुलारे वाजपेयी

**6.** 'एक कहानी यह भी' किसकी आत्मकथा है ?

(a) मन्नू भंडारी
(b) मृदुला गर्ग
(c) कृष्णा सोबती
(d) चित्रा मुद्‌गल

**7.** 'ज्ञानराशि के संचित कोश का नाम साहित्य है' – कथन किसका है ?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(d) महावीरप्रसाद द्विवेदी

**8.** निम्नलिखित में से दण्डीकृत ग्रन्थ कौन सा है ?

(a) काव्यालंकार
(b) साहित्य दर्पण
(c) काव्यादर्श
(d) काव्यप्रकाश

9. स्वयंभू कृत 'पउमचरिउ' की कथा किससे सम्बद्ध है ?

(a) कृष्णकथा (b) रामकथा

(c) बौद्धकथा (d) शक्तिकथा

10. कबीर की भाषा को 'सधुक्कड़ी' किसने कहा है ?

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) श्यामसुन्दर दास

(c) रामकुमार वर्मा (d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

11. 'हिन्दी नवरत्न' के लेखक हैं ?

(a) शिवसिंह सेंगर (b) वियोगी हरि

(c) जगदीश गुप्त (d) मिश्रबंधु

12. 'संवेदनात्मक ज्ञान और ज्ञानात्मक संवेदन' के आधार पर काव्य–चर्चा करने वाले हैं

(a) नगेन्द्र (b) गजानन माधव मुक्तिबोध

(c) रामस्वरूप चतुर्वेदी (d) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय

13. खड़ीबोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य कौन सा है ?

(a) प्रियप्रवास (b) साकेत

(c) कृष्णायन (d) वैदेही वनवास

14. 'आत्मजयी' किसकी रचना है ?

(a) धर्मवीर भारती (b) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'

(c) कुँवर नारायण (d) श्रीनरेश मेहता

15. 'भय भी शक्ति देता है' किसका काव्य–संग्रह है ?

(a) नरेन्द्र मोहन (b) उदयप्रकाश

(c) जानकी वल्लभ शास्त्री (d) लीलाधर जगूड़ी

16. 'गुड़िया भीतर गुड़िया' किस विधा की रचना है ?

(a) उपन्यास (b) आत्मकथा

(c) जीवनी (d) कहानी

## हिन्दी

**17.** ‘सदियों का संताप’ किसकी रचना है ?

(a) बालकृष्ण शर्मा ‘नवीन’ (b) जयप्रकाश कर्दम

(c) ओमप्रकाश वाल्मीकि (d) मोहनदास नैमिशराय

**18.** ‘माटी की मूरतें’ किसका रेखाचित्र है ?

(a) रामवृक्ष बेनीपुरी (b) रांगेय राघव

(c) महादेवी वर्मा (d) फणीश्वरनाथ रेणु

**19.** भरतमुनि ने रस के कितने भेद माने हैं ?

(a) नौ (b) सात

(c) पाँच (d) आठ

**20.** ‘काव्यशोभाकरान्धर्मानलंकारान्प्रचक्षते’ किसकी उक्ति है ?

(a) मम्मट (b) भामह

(c) विश्वनाथ (d) दण्डी

**21.** निम्नलिखित में से कौन सी बोली पश्चिमी हिन्दी उपभाषा के अन्तर्गत नहीं आती ?

(a) खड़ीबोली (b) ब्रजभाषा

(c) बाँगरू (d) बघेली

**22.** ‘संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी’ संविधान के किस अनुच्छेद में इसका उल्लेख किया गया है ?

(a) 245 (b) 432

(c) 343 (d) 115

**23.** निम्नलिखित में से ध्वनि–अध्ययन का आधार नहीं है :

(a) उत्सर्जन (b) उच्चारण

(c) प्रसरण (d) श्रवण

**24.** निम्नलिखित में से स्वन–परिवर्तन की दिशा नहीं है :

(a) लोप (b) ऊर्जा

(c) आगम (d) विपर्यय

**25.** निम्नलिखित में से लोकसाहित्य की विशेषता नहीं है :

(a) लौकिकता (b) पारंपरिकता

(c) वाचिकता (d) शास्त्रीयता

**26.** 'हिलजात्रा' उत्तराखंड के किस जनपद में प्रचलित लोकनाट्य है ?

(a) चमोली (b) उत्तरकाशी

(c) पिथौरागढ़ (d) बागेश्वर

**27.** निम्नलिखित में से कौन सी गढ़वाली लोकगाथा धार्मिक गाथा नहीं है ?

(a) गंगू रमोला (b) ब्रह्मकौंल

(c) कृष्णलीला (d) फ्यूंली रौतेली

**28.** निम्नलिखित में से कौन कुमाउँनी लोककथा नहीं है ?

(a) गंगानाथ (b) राजक च्यल जोगिक सीख

(c) मिनुक और बाघ (d) सैंणी भेषम बानरि

**29.** निम्नलिखित में से कौन उत्तराखंड का लोकगीत नहीं है ?

(a) न्यौली (b) चाँचरी

(c) खुदेड़ (d) बिरहा

**30.** निम्नलिखित में से किस विद्वान् ने भारतीय लोकसाहित्य के क्षेत्र में कार्य नहीं किया ?

(a) कृष्णदेव उपाध्याय (b) देवेन्द्र सत्यार्थी

(c) रामचंद्र शुक्ल (d) रामनरेश त्रिपाठी

**31.** 'हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास' (काशी नागरी प्रचारिणी सभा) कितने खंडों में प्रकाशित हुआ है ?

(a) पन्द्रह (b) सोलह

(c) सत्रह (d) अठारह

**32.** भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा संपादित पत्रिका का सही नाम है

(a) बालाबोधिनी (b) बाला प्रबोधिनी

(c) बाल प्रबोध (d) बाल विनोद

## हिन्दी

**33.** निम्नलिखित में से कौन सी रचना जैन साहित्य से सम्बन्धित नहीं है ?

(a) चंदनबाला रास (b) श्रावकाचार

(c) भरतेश्वर–बाहुबली रास (d) संदेश रासक

**34.** 'ढोला–मारू–रा दूहा' किस क्षेत्र का लोकप्रिय लोकभाषा काव्य रहा है ?

(a) महाराष्ट्र (b) उत्तर प्रदेश

(c) राजस्थान (d) गुजरात

**35.** जयदेव के 'गीत गोविन्द' का विशेष प्रभाव किस कवि पर माना जाता है ?

(a) विद्यापति (b) मीराबाई

(c) सूरदास (d) छीतस्वामी

**36.** निम्नलिखित में से 'आल्हखंड' नाम से लोकप्रिय रासोकाव्य कौन सा है ?

(a) वीसलदेव रासो (b) परमाल रासो

(c) पृथ्वीराज रासो (d) हम्मीर रासो

**37.** निम्नलिखित में से कौन कृष्ण भक्ति काव्य का कवि नहीं है ?

(a) सूरदास (b) कृष्णदास

(c) नन्ददास (d) सुन्दरदास

**38.** तुलसी की भक्ति किस प्रकार की है ?

(a) सख्य (b) माधुर्य

(c) दास्य (d) वात्सल्य

**39.** किस कवि की रचनाओं में भावात्मक रहस्यवाद की अभिव्यक्ति सर्वाधिक हुई है ?

(a) मलिक मुहम्मद जायसी (b) तुलसीदास

(c) अग्रदास (d) माखनलाल चतुर्वेदी

**40.** सुमित्रानन्दन पंत की किस रचना को छायावाद का 'फैनीफेस्टो' कहा जाता है ?

(a) गुंजन (b) पल्लव

(c) ग्राम्या (d) लोकायतन



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**41.** निम्नलिखित में से कौन सी रचना सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की नहीं है ?

(a) अनामिका (b) गीतिका

(c) परिमल (d) निशीथ

**42.** रीतिकाल को श्रृंगारकाल नाम किसने दिया ?

(a) हजारीप्रसाद द्विवेदी (b) धीरेन्द्र वर्मा

(c) विश्वनाथप्रसाद मिश्र (d) रामकुमार वर्मा

**43.** रामचन्द्र शुक्ल ने पहला मौलिक उपन्यास किसे माना है ?

(a) परीक्षा गुरु (b) रहस्य कथा

(c) नूतन ब्रह्मचारी (d) सौ अजान एक सुजान

**44.** निम्नलिखित में से कौन सी कहानी शैलेश मटियानी की है ?

(a) माता का हृदय (b) बेटों वाली विधवा

(c) होली का उपहार (d) अर्धांगिनी

**45.** निम्नलिखित में से रामचन्द्र शुक्ल द्वारा लिखित निबन्ध कौन सा नहीं है ?

(a) श्रद्धा और भक्ति (b) बात

(c) करुणा (d) उत्साह

**46.** 'यात्री–मित्र' यात्रा–वृत्तान्त के लेखक हैं

(a) शिवप्रसाद गुप्त (b) विष्णु प्रभाकर

(c) सत्यदेव परिव्राजक (d) रामनारायण मिश्र

**47.** जैनेन्द्र कुमार द्वारा रचित 'बापू' किस विधा की रचना है ?

(a) जीवनी (b) रेखाचित्र

(c) संस्मरण (d) आत्मकथा

**48.** निम्नलिखित में से कौन रससूत्र का व्याख्याकार नहीं है ?

(a) भट्टलोल्लट (b) शंकुक

(c) भट्टनायक (d) महिम भट्ट

## हिन्दी

**49.** वह कौन सी शब्दशक्ति है, जिसमें रूढ़ि और प्रयोजन के आधार पर अर्थ निर्धारित होता है ?

(a) अभिधा
(b) लक्षणा
(c) व्यंजना
(d) तात्पर्या

**50.** "आती है शून्य क्षितिज से क्यों लौट प्रतिध्वनि मेरी ।
टकराती बिलखाती-सी पगली-सी देती फेरी ।।"
उक्त पंक्तियों में कौन सा अलंकार है ?

(a) रूपक
(b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा
(d) विभावना

**51.** निम्नलिखित में से काव्यदोष कौन सा नहीं है ?

(a) श्रुतिकटुत्व
(b) च्युतसंस्कृति
(c) क्लिष्टत्व
(d) घनत्व

**52.** गद्य-पद्य मिश्रित चम्पू काव्य है

(a) वर्णरत्नाकर
(b) उक्तिव्यक्ति प्रकरण
(c) राउलवेल
(d) स्थूलिभद्ररास

**53.** 'दसवीं से चौदहवीं शताब्दी का काल, जिसे हिन्दी का आदिकाल कहते हैं, भाषा की दृष्टि से अपभ्रंश का ही बढ़ाव है' – यह कथन किसका है ?

(a) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(b) राहुल सांकृत्यायन
(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(d) श्यामसुन्दर दास

**54.** इनमें से कौन सी रचना नन्ददास की नहीं है ?

(a) मान मंजरी
(b) दानलीला
(c) अनेकार्थ मंजरी
(d) रूप मंजरी

**55.** निम्नलिखित में से 'सात गीत वर्ष' किसकी कृति है ?

(a) धर्मवीर भारती
(b) गिरिजाकुमार माथुर
(c) भवानीप्रसाद मिश्र
(d) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

**56.** निर्मल वर्मा का उपन्यास है

(a) पटरंगपुर पुराण (b) लेकिन दरवाज़ा

(c) खिलेगा तो देखेंगे (d) अंतिम अरण्य

**57.** निम्नलिखित में से विद्यानिवास मिश्र का निबन्ध संग्रह कौन सा नहीं है ?

(a) फिर बैतलवा डाल पर (b) चितवन की छाँह

(c) तुम चंदन हम पानी (d) मैंने सिल पहुँचायी

**58.** क्रोचे के अभिव्यंजनावाद के सन्दर्भ में कौन सा कथन असत्य है ?

(a) सहजानुभूति ही अभिव्यंजना है ।

(b) अभिव्यंजना स्वयं प्रकाश ज्ञान नहीं है ।

(c) अभिव्यंजना पूर्णत: आन्तरिक वस्तु है ।

(d) अभिव्यंजना से आनन्द की अनुभूति होती है ।

**59.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विदेशी है ?

(a) नयन (b) सुन्दर

(c) किताब (d) उन्नयन

**60.** आलवार भक्तों की संख्या कितनी मानी गयी है ?

(a) ग्यारह (b) चौदह

(c) दस (d) बारह

**61.** 'रास पंचाध्यायी' किसका ग्रन्थ है ?

(a) नन्ददास (b) चतुर्भुजदास

(c) कृष्णदास (d) परमानन्ददास

**62.** 'साकेत' में कितने सर्ग हैं ?

(a) पन्द्रह (b) ग्यारह

(c) बारह (d) सात

## हिन्दी

**63.** निम्नलिखित में से कौन सा ग्रन्थ मतिराम का नहीं है ?

(a) छन्दसार
(b) सुखसागर
(c) रसराज
(d) साहित्यसार

**64.** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?

(a) 2 अक्तूबर
(b) 5 सितम्बर
(c) 14 सितम्बर
(d) 10 जनवरी

**65.** 'प' वर्ग के व्यंजन किस वर्ग में आते हैं ?

(a) मूर्द्धन्य
(b) तालव्य
(c) ओष्ठ्य
(d) दन्त्योष्ठ्य

**66.** 'निर्वेद' किस रस का स्थायी भाव है ?

(a) शान्त
(b) हास्य
(c) करुण
(d) शृंगार

**67.** 'पहला राजा' नाटक का लेखक कौन है ?

(a) मोहन राकेश
(b) जगदीशचन्द्र माथुर
(c) लक्ष्मीनारायण मिश्र
(d) लक्ष्मीनारायण लाल

**68.** 'पेरिइप्सुस' का लेखक कौन है ?

(a) ड्राइउन
(b) अरस्तू
(c) मैथ्यू आर्नल्ड
(d) लोंजाइनस

**69.** निम्नलिखित में से रिचर्ड्स का काव्य सिद्धान्त कौन सा है ?

(a) कल्पना सिद्धान्त
(b) विरेचन सिद्धान्त
(c) सम्प्रेषण सिद्धान्त
(d) वस्तुनिष्ठ समीकरण

**70.** जॉन क्रो रैनसम की कृति कौन सी है ?

(a) द न्यू क्रिटिसिज्म
(b) बायोग्राफिया लिटरेरिया
(c) एसेज ऑन क्रिटिसिज़्म
(d) रिपब्लिक

**71.** निम्नलिखित में से कौन मनोविश्लेषणवादी विचारक नहीं है ?

(a) फ्रायड (b) एडलर
(c) बर्क (d) युंग

**72.** 'बनारस अखबार' के सम्पादक हैं

(a) राजा लक्ष्मण सिंह (b) राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द
(c) नवीन चन्द्र (d) श्रद्धाराम फिल्लौरी

**73.** 'प्रेम चिंगारी' किसकी रचना है ?

(a) शेख निसार (b) शेख नबी
(c) इब्न निशाती (d) नज़फ अली

**74.** 'उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण' के रचयिता हैं

(a) दामोदर शर्मा (b) पाणिनि
(c) हेमचन्द्र (d) विद्यापति

**75.** 'कला और बूढ़ा चाँद' किस विधा की रचना है ?

(a) संस्मरण (b) उपन्यास
(c) काव्य (d) निबन्ध

**76.** 'झबरा कुत्ता' प्रेमचन्द की किस कहानी का पात्र है ?

(a) बड़े भाई साहब (b) पूस की रात
(c) कफ़न (d) ज्योति

**77.** 'पहाड़ों में प्रेममय संगीत' किसका कथात्मक रिपोर्ताज है ?

(a) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' (b) फणीश्वरनाथ 'रेणु'
(c) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' (d) रामधारी सिंह 'दिनकर'

**78.** किस भाषा को टकसाली भाषा भी कहा जाता है ?

(a) परिनिष्ठित भाषा (b) कूट भाषा
(c) राष्ट्र भाषा (d) कृत्रिम भाषा

## हिन्दी

**79.** निम्नलिखित में से सही युग्म का चुनाव कीजिए :

(a) गलीचा – पुर्तगाली
(b) अंग्रेज – फ्रेंच
(c) पादरी – तुर्की
(d) आमदनी – फारसी

**80.** निम्नलिखित में से कौन सी रचना केशव की नहीं है ?

(a) कविप्रिया
(b) रसिक प्रिया
(c) रसार्णव
(d) छन्दमाला

**81.** निम्नलिखित में से किस उपन्यास में 'मृणाल' की आत्मपीड़ा का चित्रण हुआ है ?

(a) त्यागपत्र
(b) अपने-अपने अजनबी
(c) पुनर्नवा
(d) पानी के प्राचीर

**82.** निम्नलिखित में से कौन सा उपन्यास गोपालराम गहमरी लिखित है ?

(a) निस्सहाय हिन्दू
(b) प्रेममयी
(c) श्यामा स्वप्न
(d) ठेठ हिन्दी का ठाठ

**83.** भुवनेश्वर कृत एकांकी है

(a) जोंक
(b) अशोक वन
(c) स्ट्राइक
(d) अंडे के छिलके

**84.** 'सन्त हृदय नवनीत समाना' किसकी उक्ति है ?

(a) कबीरदास
(b) सूरदास
(c) रैदास
(d) तुलसीदास

**85.** 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के लेखक हैं

(a) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(b) विश्वनाथप्रसाद मिश्र
(c) नगेन्द्र
(d) गणपतिचन्द्र गुप्त

**86.** निम्नलिखित कहानियों में से कौन सी कहानी जैनेन्द्र कुमार कृत है ?

(a) नमक का दरोगा
(b) मलवे का मालिक
(c) पाजेब
(d) हार की जीत

87. निम्नलिखित में से कौन सा उपन्यास यशपाल द्वारा रचित नहीं है ?

(a) दादा कामरेड
(b) पूर्वापर
(c) अमिता
(d) झूठा सच

88. 'गोबर गणेश' किस लेखक का उपन्यास है ?

(a) प्रेमचन्द
(b) विनोदकुमार शुक्ल
(c) रामदेव शुक्ल
(d) रमेशचन्द्र शाह

89. रामकुमार वर्मा कृत इतिहास–ग्रन्थ का नाम है –

(a) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास
(b) हिन्दी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास
(c) हिन्दी साहित्य का अतीत
(d) हिन्दी साहित्य का आदिकाल

90. निम्नलिखित में से मृदुला गर्ग का उपन्यास कौन सा है ?

(a) कर्क रेखा
(b) अग्नि पंखी
(c) मैं और मैं
(d) पीली आँधी

91. निम्नलिखित में से कौन सा काव्य संग्रह सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' का नहीं है ?

(a) हरी घास पर क्षण भर
(b) भूरी भूरी खाक धूल
(c) इन्द्रधनुष रौंदे हुए ये
(d) इत्यलम्

92. इनमें से योगरूढ़ शब्द है

(a) पंकज
(b) घुड़सवार
(c) समुद्र
(d) धर्मनिष्ठ

93. निम्नलिखित में से पद्माकर की रचना कौन सी है ?

(a) प्रेमवाटिका
(b) ललित ललाम
(c) कविप्रिया
(d) जगद्विनोद

## हिन्दी

**94.** 'वत्सराज' किस विधा की रचना है ?

(a) कहानी
(b) निबन्ध
(c) नाटक
(d) उपन्यास

**95.** 'शुकपिण्ड' गद्यकाव्य के रचनाकार हैं

(a) मंगलेश डबराल
(b) तारा पाण्डे
(c) उदय प्रकाश
(d) गोविन्द चातक

**96.** निम्नलिखित में से पंडितराज जगन्नाथ का ग्रन्थ कौन सा है ?

(a) रसगंगाधर
(b) साहित्य दर्पण
(c) काव्यप्रकाश
(d) काव्यालंकारसूत्रवृत्ति

**97.** 'सुधियां उस चंदन के वन की' किसकी रचना है ?

(a) बनारसी दास चतुर्वेदी
(b) विद्यानिवास मिश्र
(c) विष्णुकांत शास्त्री
(d) कुबेरनाथ राय

**98.** निम्नलिखित में से इलाचन्द्र जोशी की कृति कौन सी नहीं है ?

(a) साहित्य–सर्जना
(b) आस्था और सौन्दर्य
(c) साहित्य–संतरण
(d) साहित्य–चिन्तन

**99.** निम्नलिखित में से कौन सा काव्य संग्रह वीरेन डंगवाल का है ?

(a) दुष्चक्र में स्रष्टा
(b) गंगातट
(c) ईश्वर एक लाठी है
(d) अनंतिमा

**100.** शिवसिंह सेंगर कृत 'शिवसिंह सरोज' का प्रकाशन वर्ष है

(a) 1847 ई.
(b) 1881 ई.
(c) 1883 ई.
(d) 1888 ई.

रफ कार्य के लिए जगह